हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
02 दिसंबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रगति की समीक्षा करेंगे।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने किसान ,महिला,गरीब एवं युवा सहित हर व्यक्ति के हित में काम किया है।
- यमुनानगर में 52 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत बनने वाले ऑडिटोरियम एवं ओपन ऐयर थिएटर का निर्माण 18 महीने में पूरा होगा।
- लोगों को प्रदूषण से बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया।
- पंचकुला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मुफ्त कानूनी सहायता मौलिक अधिकारों एवं सरकारी परियोजनाओं की लिए कानूनी जागरूकता अभियान शुरू किया।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल चंडीगढ़ का दौरा करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आज पहुंचने की उम्मीद है। दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रगति की समीक्षा करेंगे, जिन्हें भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए लागू किया गया है।हमारे संवाददाता श्री अश्वनी कुमार शर्मा ने बताया है कि पुलिस नए कानूनों के लागू होने के बाद कानून प्रवर्तन, न्यायिक प्रक्रियाओं और साक्ष्य प्रबंधन में सुधार को प्रदर्शित करने के लिए थिएटर कलाकारों की मदद से एक लाइव प्रदर्शन करेगी ।इसमें सेक्टर 12 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के परिसर में आठ मंच प्रदर्शन शामिल होंगे, जिनमें से एक में हत्या की जांच को दर्शाया जाएगा। प्रधानमंत्री पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉल में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। चंडीगढ़ पुलिस ने प्रधानमंत्री के दौरे से पहले सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस ने मोहाली और पंचकूला से शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच के लिए प्रमुख प्रवेश मार्गों पर नाके स्थापित किए हैं। केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने चंडीगढ़ को 2 से 3 दिसंबर तक "नो-फ्लाइंग ज़ोन" घोषित किया है।

************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लाडवा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए गांव बीड़ पिपली खानपुर, बाबैन, मंगोली जाटान, छपरा और गोबिंदगढ़ में धन्यवाद सभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने एतिहासिक कार्य किए हैं। चाहे किसान हो महिला हो गरीब हो युवा हर व्यक्ति के हित में कार्य किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बी जे पी सरकार के कार्यकाल में जहां युवाओं को रोजगार मिला, किसानों को 24 फसलोंका न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला, गरीबों को रहने के लिए भूखंड और मकान बनाने के लिए आर्थिक अनुदान मिला, वहीं प्रदेश में समान रुप से तेज गति के साथ विकास हुआ है। परंतु कांग्रेस ने अपने 55 साल के शासनकाल में लगातार झूठे वादे किए हैं और महिला हो या युवा हर वर्ग का शोषण किया है

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोगों की हर समस्या का समाधान करेंगे। प्रदेश व लाडवा के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांव बीड़ पिपली की 12 मांगों को पूरा करने और 20 लाख अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही गांव खानपुर में 20 लाख रुपए और गांव बाबैन में 30 लाख रुपए अनुदान राशि देने के साथ-साथ गांव की गलियों के निर्माण के लिए अनुमान बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अब शीघ्र ही गरीब लोगों को प्रथम चरण में 100-100 गज के एक लाख भूखंड उपलब्ध करवाएगी और इन भूखंडों पर मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय सहायता भी देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काँग्रेस नेताओं ने झूठ बोलकर बरगलाने का काम किया है लेकिन अब लोग समझ चुके हैं उनकी बातों में नहीं आएंगे।

***************************************************************************

यमुनानगर में नगर निगम द्वारा सेक्टर सत्रह में बनने वाले ऑडिटोरियम व ओपन एयर थिएटर के निर्माण के लिए आज भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इनके निर्माण पर 52 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत आएगी। भूमि पूजन समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण

मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।कृषि मंत्री ने बताया कि दिव्य नगर योजना के तहत होने वाले इस विकास कार्य का निर्माण 18 माह के भीतर पूरा किया जाएगा। ऑडिटोरियम में एक साथ 1000 दर्शकों के वातानुकूल वातावरण में बैठने की व्यवस्था होगी। वहीं, ओपन एयर थियेटर में एक साथ 500 दर्शक बैठ सकेंगे।

***************************************************************************

लोगों को प्रदूषण से बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक करने के लिए आज देश भर में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया ।

चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति के सदस्य सचिव टी सी नौटियाल ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में कहा कि प्रदूषण पर नियंत्रण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि इस बार प्रदूषण से चंडीगढ़ जैसा शहर भी अछूता नहीं रहा है इसलिए आज जरूरत है कि सभी भागीदारी करके इसे नियंत्रित करने में अपना सहयोग दें । उन्होंने कहा कि सब मिलकर जब काम करेंगे तो प्रदूषण थोड़ा नियंत्रण में आएगा।

***************************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी, लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सुविधाओं का समयबद्ध लाभ देना व उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार की सुशासन की नीति का लाभ आमजन तक सुविधाजनक तरीके से पहुंच सके।स्वास्थ्य मंत्री ने आज पलवल में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में कुल 12 परिवाद शामिल किए गए, जिनमें से 8 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया।

***************************************************************************

पंचकुला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आज से 31 दिसंबर तक मोबाइल वैन के माध्यम से एक महीने का कानूनी जागरूकता अभियान शुरू किया है । आज अभियान का शुभारंभ पंचकूला के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.के. लाल ने जिला न्यायालय परिसर से मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मोबाईल वैन चलाने का उद्देश्य समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों तक मुफ़्त कानूनी सहायता सेवाएं व मौलिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे जानकारी पहुंचाना है।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार घनघस सहित अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

************************************************************************

पुलिस विभाग में जवान की भूमिका केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है बल्कि यह भी आवश्यक है कि जवान समाज के हर वर्ग की सुरक्षा, विश्वास और न्याय के लिए प्रतिबद्ध रहें। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कृष्ण कुमार राव ने मधुबन में दीक्षांत परेड समारोह में ये उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत परेड की सलामी ली। इस दीक्षांत परेड में शामिल 376 सिपाही कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लेकर जनसेवा को समर्पित हुए।

*************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10 वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 26 फरवरी से ली जाएंगी। परीक्षाओं का तिथि पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर शीघ्र ही अपलोड कर दिया जाएगा।बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि 12वीं की परीक्षाएं 26 फरवरी से 28 मार्च और 10वीं की परीक्षाएं 27 फ़रवरी से 15 मार्च तक चलेंगी।

*************************************************************************

गीता जयंती के समारोह के उपलक्ष्य में हरियाणा के खेल विभाग द्वारा 12 दिसम्बर को कुरुक्षेत्र में हरियाणा कुश्ती दंगल का आयोजन करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने के लिए जिला पंचकूला के खिलाड़ियों के कल ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में ट्रायल लिए जाएंगे । ट्रायल के दौरान प्रत्येक वजन श्रेणी में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवानों को चयनित किया जायेगा। पंचकूला के जिला खेल अधिकारी नीलकमल ने बताया कि हरियाणा कुश्ती दंगल के लिए चयन ट्रायल में 79 किलोग्राम से कम और 79 से 97 किलोग्राम तक वजन वाले तथा 62 किलोग्राम से कम और 62 से 76 किलोग्राम वजन वाले महिला एंव पुरुष पहलवान भाग ले सकते हैं।